卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण


•वर्ष 26 •अंक 97 •पृष्ठ 8 •रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) •सोमवार •12 जनवरी 2026 •मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# किसान आत्महत्या प्रकरण में थानाध्यक्ष और दरोगा निलंबित

## मामले में लापरवाही बरतने पर पूरी चौकी लाइन हाजिर, एसएसपी ने मामले में की कार्रवाई जांच शुरू

रुद्रपुर/काशीपुर (उद संवाददाता)। जिले के काशीपुर अंतर्गत पैगा निवासी किसान सुखवंत सिंह द्वारा हल्द्वानी के गौलापार स्थित एक होटल में खुदकुशी किए जाने के मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं। मृतक किसान ने मौत को गले लगाने से पहले एक वीडियो और सुसाइड नोट के जरिए करोड़ों की ठगी और पुलिस की अनदेखी का जो कच्चा चिट्ठा खोला, उसने महकमे में हड़कंप मचा दिया। मामले की गंभीरता और पुलिस की घोर लापरवाही को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने अनुशासन का डंडा चलाते हुए आईटीआई थाना प्रभारी और एक दरोगा को निलंबित कर दिया है, जबकि पूरी पैगा चौकी को लाइन हाजिर कर दिया है। शनिवार देर रात हल्द्वानी के एक होटल में सुखवंत सिंह पुत्र तेजा सिंह ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या से ठीक पहले सुखवंत ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसमें (शेष पृष्ठ सात पर)



## प्रशासन के आश्वासन के बाद हुआ अंतिम संस्कार

काशीपुर।ग्राम पैगा निवासी किसान सुखवंत सिंह की आत्महत्या से उपजा जनाक्रोश प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद शांत हुआ है। सोमवार को प्रशासन और मृतक के परिजनों के बीच हुई उच्च स्तरीय वार्ता में तीन में से दो प्रमुख मांगों पर सहमति बन गई। इसके बाद परिजनों ने सुखवंत सिंह के शव का कड़ी सुरक्षा के बीच पैंगा स्थित श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया। उनकी अंतिम यात्रा में उमड़े जनसैलाब और नम आंखों ने सिस्टम के प्रति अपनी नाराजगी और सुखवंत के प्रति संवेदना व्यक्त की।



मामले में सीएम के कड़े रुख के बाद ही पुलिस महकमे में निलंबन की बड़ी कार्रवाई हुई है, जिसमें थानाध्यक्ष आईटीआई और पूरी पैगा चौकी पर गाज गिरी है। सोमवार सुबह एसडीएम अभय प्रताप सिंह, (शेष पृष्ठ सात पर)

## बवाल की आशंका को लेकर पुलिस प्रशासन रहा अलर्ट

काशीपुर। किसान सुखवंत सिंह की मौत के मामले में किसान यूनियन से जुड़े नेताओं के चक्का जाम के ऐलान के चलते आज पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। किसानों के प्रदर्शन और चक्का जाम की चेतावनी के बाद आईटीआई थाने को छावनी में तब्दील कर दिया गया। सुरक्षा के मद्देनजर 6 प्लाटून पीएसी, एक प्लाटून महिला पीएसी, सात इंस्पेक्टर, 17 (शेष पृष्ठ सात पर)

# हाईवे किनारे खेत में युवक का शव मिलने से सनसनी

किच्छा। कोतवाली अंतर्गत रुद्रपुर मार्ग पर हाईवे किनारे युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। जानकारी पर पहुंची पुलिस टीम ने मौका मुआयना करते हुए युवक के शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के गले एवं शरीर पर निशान होने के चलते संभावना जताई जा रही है कि अज्ञात लोगों द्वारा युवक की हत्या कर शव को हाईवे किनारे खेत में ठिकाने लगाया गया है। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर रुद्रपुर मोर्चरी भेज दिया है। काफी प्रयास के बाद भी मृतक की कोई शिनाख्त नहीं हो पाई। जानकारी के अनुसार नगर के रुद्रपुर मार्ग स्थित ग्रैंड हेरीटेज बैंक्विट हॉल के सामने हाईवे किनारे स्थित संपर्क मार्ग पर करीब 50 मीटर अंदर खेत में करीब 35- 40 वर्षीय एक युवक का शव मिलने की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मामले की सूचना पर आसपास के तमाम लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर कोतवाल प्रकाश सिंह दानू के नेतृत्व में उपनिरीक्षक विजय जोशी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करते हुए मृतक युवक की शिनाख्त करने का काफी प्रयास किया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। युवक की उम्र करीब 35 से 40 वर्ष बताई जा रही है। तलाशी के दौरान भी मृतक के पास से कोई कागजाद नहीं मिलने के चलते मृतक की पहचान नहीं हो सकी एवं मृतक के पास कोई मोबाइल भी बरामद नहीं हुआ। पुलिस की जांच में सामने आया कि मृतक के शरीर पर हल्की खरोच के अलावा गले पर घाव का गहरा निशान है। फिलहाल पुलिस ने युवक के शव को (शेष पृष्ठ सात पर)

## सिडकुल ढाल के पास युवक का शव मिला, हत्या की आशंका

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र अंतर्गत शिमला बहादुर रोड पर सिडकुल ढाल के समीप एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्त पप्पू वर्मा (42 वर्ष) पुत्र फतेह बहादुर वर्मा के रूप में की है। मृतक मूल रूप से उत्तर प्रदेश के महाराजगंज जिले का निवासी था और पिछले 10 वर्षों से ट्रांजिट कैंप के वार्ड नंबर 4 में परिवार सहित रह रहा था। घटना की सूचना मिलते ही ट्रांजिट कैंप थाना पुलिस और फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का घेराव कर बारीकी से निरीक्षण किया।(शेष पृष्ठ सात पर)

# लाखों की स्मैक के साथ दो महिलाएं गिरफ्तार

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। थाना पुलिस ने क्षेत्र में स्मैक की बिक्री और तस्करी करने वाली दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से कुल 17.92 ग्राम स्मैक बरामद कर उनके विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशों पर नशे के सौदागरों के खिलाफ लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में नानकमत्ता पुलिस टीम ने संदिग्धों की तलाश के दौरान गुरमीत (शेष पृष्ठ 7 पर)



# चीनी मिल में गन्ने के नीचे दबकर ट्रैक्टर चालक गंभीर



किच्छा। चीनी मिल में गन्ने से भरी लोडेड ट्रैक्टर ट्रॉली बिना चालक के ढलान पर चलने का बाद पलटने से गन्ने के नीचे दबने से ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक को इलाज के लिए तुरंत हायर सेंटर जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार चीनी मिल परिसर में उस समय अफरा तफरी मच गई जब गन्ना सेंटर से गन्ने की भरी ट्रॉली टोल कांटे पर वजन करवाने के बाद चालक ने कुछ दूरी पर खड़ी कर दी। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार ढलान होने के चलते ट्रैक्टर ट्राली अचानक चलने लग गई। बिना चालक के ट्रैक्टर ट्राली को आगे बढ़ता देख आसपास खड़े लोग घबरा गए। कुछ दूरी चलने के बाद चौन पट्टी की दीवार से टकराकर ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त हो गया तथा अचानक टक्कर लगने के बाद ट्रॉली से गिर रहे गन्ने के नीचे ट्रैक्टर चालक दब गया। आसपास मौजूद लोगों ने गन्ना हटाकर बमुश्किल चालक को बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से तुरंत गंभीर अवस्था में घायल चालक को इलाज के लिए रुद्रपुर(शेष पृष्ठ 7 पर)

# 'मंगल बाजार' के खिलाफ व्यापारियों ने उठाई आवाज

किच्छा। नगर में लगने वाले साप्ताहिक मंगल बाजार को बंद कराने की मांग को लेकर स्थानीय व्यापारियों ने देवभूमि व्यापार मंडल के बैनरतले प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी को सौंपा। व्यापारियों ने दोटूक कहा कि यदि मंगल बाजार पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो स्थानीय दुकानदारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा। देवभूमि व्यापार मंडल के कार्यकारी अध्यक्ष जगरूप सिंह 'गोल्डी' के नेतृत्व में तहसील पहुंचे व्यापारियों ने प्रशासन को बताया कि मंगल बाजार पूरी तरह अव्यवस्थित ढंग से लगाया जाता है। इससे सड़कों पर भारी जाम की स्थिति पैदा होती है, जिससे आम जनता को परेशानी होती है। व्यापारियों ने तर्क दिया कि वे साल भर बिजली का बिल, भारी किराया और विभिन्न टैक्स सरकार को देते हैं, लेकिन मंगल बाजार में आने वाले बाहरी दुकानदार बिना किसी कर या जिम्मेदारी के व्यापार कर ले जाते हैं, जिससे स्थानीय पक्के दुकानदारों (शेष पृष्ठ सात पर)



# किसान सुखवंत की 'आखिरी पुकार' पर तुरंत जागे सीएम धामी

## मुख्यमंत्री का स्पष्ट संदेश-न्याय में देरी नहीं होने दूंगा, सच सामने आकर रहेगा, कुमाऊं कमिश्नर को सौंपी गई जांच की जिम्मेदारी

-अर्श-

देहरादून/रूद्रपुर। हल्द्वानी में काशीपुर के किसान द्वारा आत्महत्या करने और आत्महत्या के पूर्व एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालने से जुड़े मामले को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बेहद गंभीरता से लिया है। मामला प्रकाश में आते ही मुख्यमंत्री ने राज्य के मुख्य सचिव आनंद बर्धन और पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ से पूरे प्रकरण की विस्तार से जानकारी ली और मामले की गंभीरता को देखते हुए समूचे प्रकरण की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दे दिए हैं। मजिस्ट्रियल जांच के आदेश के साथ ही मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए हैं कि जांच प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। उन्होंने प्रशासन को आदेशित किया कि पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए। सीएम धामी ने स्पष्ट कहा है कि यह घटना अत्यंत दुखद और गंभीर है, इसे किसी भी सूरत में हल्के में नहीं लिया जाएगा। उन्होंने जांच अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पूरे मामले की गहराई से जांच की जाए और यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही, दबाव या किसी व्यक्ति की भूमिका सामने आती है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई (शेष पृष्ठ सात पर)



## फिर सामने आया मित्र पुलिस का शत्रु चेहरा

काशीपुर। पैगा निवासी किसान सुखवंत सिंह की आत्महत्या ने उधम सिंह नगर पुलिस की लापरवाही मनमानी एवं संवेदनहीनता को एक बार फिर उजागर कर दिया है। उधम सिंह नगर पुलिस अगर सुखवंत सिंह के वीडियो पर समय रहते कार्यवाही करती तो सुखवंत की जान बचाई जा सकती थी, लेकिन जब पुलिस को पीड़ित के साथ मित्रता एवं संवेदनशीलता दिखानी चाहिए थी तब पुलिस ने पीड़ित के साथ शत्रुतापूर्ण व्यवहार किया और पीड़ित के अनुसार पहले तो आईटीआई थाना प्रभारी ने मोटा नजराना प्राप्त होने के चलते उसकी फरियाद नहीं सुनी और बाद में एसएसपी मणिकांत मिश्रा के (शेष पृष्ठ सात पर)

# ठंड से बचने की कोशिश पड़ी भारी: डंपर के भीतर दम घुटने से चाचा-भतीजे की मौत

## पेट्रोमैक्स जलाकर सो रहे थे दोनों, दोपहर में मिले शव

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर के पीरुमदारा क्षेत्र में एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां डंपर वाहन के भीतर ठंड से बचने के लिए पेट्रोमैक्स जलाना दो लोगों की जान पर बन आया। दम घुटने के कारण चाचा और भतीजे की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक उत्तर प्रदेश के संभल जिले के रहने वाले बताए जा रहे हैं।जानकारी के अनुसार, संभल निवासी मोहम्मद इरफान और मोहम्मद इकरार (रिश्ते में चाचा-भतीजे) डंपर चालक थे। शनिवार को वे पीरुमदारा स्थित एक स्टोन क्रेशर से उपखनिज सामग्री लेने रामनगर आए थे। देर रात 18 टायरा डंपर में माल भरने के बाद उन्होंने वाहन को क्रेशर के बाहर खड़ा कर दिया था। रविवार तड़के करीब 5:00 बजे कड़ाके की ठंड होने के कारण दोनों ने



वाहन के शीशे पूरी तरह बंद कर लिए और केबिन के भीतर ही पेट्रोमैक्स जलाकर हाथ सेंकने लगे।इसी दौरान पेट्रोमैक्स से निकली जहरीली गैस केबिन के भीतर भर गई और दोनों अचेत हो गए। दोपहर तक जब डंपर में कोई हलचल नहीं हुई और आवाज देने पर भी अंदर से कोई जवाब नहीं मिला, तो साथ मौजूद अन्य साथियों को शक हुआ। उन्होंने डंपर के भीतर झांक कर देखा तो दोनों बेहोशी की हालत में पड़े थे। आनन-फानन में डंपर के शीशे तोड़कर दोनों को बाहर निकाला गया और तुरंत रामनगर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।अस्पताल के चिकित्सकों का कहना है कि बंद केबिन में गैस भरने से ऑक्सीजन की कमी हुई, जिससे दम घुटने के कारण दोनों की मौत हुई है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि होगी, हालांकि प्रथम दृष्टया मामला दम घुटने का ही प्रतीत हो रहा है। घटना के बाद से मृतक के साथियों और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# वन्य जीवों के बढ़ते हमलों पर सांसद अजय भट्ट सख्त

नैनीताल (उद संवाददाता)। नैनीताल जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बढ़ रहे मानव-वन्य जीव संघर्ष की घटनाओं पर नैनीताल-ऊधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र के सांसद अजय भट्ट ने गहरी चिंता व्यक्त की है। वन्य जीवों के हमलों में ग्रामीणों की जान जाने की घटनाओं को गंभीर मानते हुए उन्होंने संबंधित उच्चाधिकारियों को तत्काल हर संभव प्रभावी कदम उठाने और सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दिए हैं। सांसद अजय भट्ट ने धारी क्षेत्र के खुटियाखाल (देवस्थल) में वन्य जीव के हमले में गंगा देवी (35 वर्ष) की मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने इसे अत्यंत पीड़ादायक घटना बताते हुए शासन और प्रशासन के अधिकारियों से बात की। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री सचिव एवं कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, मुख्य वन संरक्षक कुमाऊं तेजस्विनी पाटिल धकाते और जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल से फोन पर वार्ता कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली।अजय भट्ट ने अधिकारियों को



स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रभावित और संवेदनशील क्षेत्रों में तत्काल पिंजरों की संख्या बढ़ाई जाए ताकि हिंसक वन्य जीवों को पकड़ा जा सके। उन्होंने वन कर्मियों की नियमित गश्त तेज करने और जंगल से सटे गांवों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाने को कहा ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने प्रशासन को निर्देशित किया कि पीड़ित परिवारों को दी जाने वाली सहायता राशि और अन्य राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी न की जाए।

# मेट्रोपोलिस में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य समापन

रूद्रपुर। मेट्रोपोलिस में पिछले सात दिनों से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का भव्य समापन हुआ। कथा के विश्राम दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने शिरकत की। उन्होंने व्यास गद्दी पर विराजमान कथा वाचक का माल्यार्पण कर विधिवत सम्मान किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने मेट्रोपोलिस के निवासियों को धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। राजकुमार ठुकराल ने कथा के सफल आयोजन के लिए मेट्रोपोलिस के अध्यक्ष देवेंद्र शाही, विक्रांत फुटेला, सुनील शुक्ला, दिलीप सिंह और रवि सिंह के प्रयासों की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने जानदार सिंह, बिहारी लाल चौहान, पुष्पेंद्र राय, हरेंद्र राय, बृजेश तिवारी, संतोष यादव और जीवन सिंह सहित समस्त आयोजन समिति का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राजकुमार ठुकराल ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से मनुष्य को मानसिक शांति प्राप्त होती है और भक्ति मार्ग का ज्ञान होता है। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से कथा के सार को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। ठुकराल ने जोर देते हुए कहा कि वर्तमान समय में नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने के लिए ऐसे धार्मिक आयोजनों का निरंतर होना आवश्यक है।




जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817


# गदरपुर में विराट कुश्ती का दंगल 15 जनवरी से

## झंडी की आखिरी कुश्ती पर 21 हजार का इनाम

गदरपुर (उद संवाददाता)। कुश्ती के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखने वाले मरहूम हाजी छोटे पहलवान की याद में गदरपुर के इतवार बाजार में भव्य तीन-दिवसीय विराट कुश्ती दंगल का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 15, 16 और 17 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले इस दंगल में खेल प्रेमियों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। दंगल के आयोजक मोहम्मद आलम ने बताया कि कार्यक्रम प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक चलेगा। इस प्रतियोगिता की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें हरियाणा, राजस्थान, रोहतक, दिल्ली, पंजाब, उत्तर प्रदेश और सहारनपुर जैसे राज्यों के साथ-साथ नेपाल के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पहलवान भी अपना दमखम दिखाने पहुंच रहे हैं। आयोजक ने स्पष्ट किया कि दंगल में केवल आमंत्रित किए गए विशिष्ट पहलवानों की ही कुश्तियां कराई जाएंगी, ताकि मुकाबले उच्च स्तरीय और अनुशासित बने रहें। इस तीन-दिवसीय आयोजन का मुख्य आकर्षण झंडी की आखिरी कुश्ती होगी, जिसके विजेता के लिए 21,000 रुपये की सम्मानजनक इनामी राशि तय की गई है। क्षेत्र के प्रसिद्ध पहलवान रहे मरहूम हाजी छोटे पहलवान को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से आयोजित इस दंगल को लेकर गदरपुर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। आयोजक मोहम्मद आलम ने समस्त क्षेत्रवासियों और कुश्ती प्रेमियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस पारंपरिक खेल का आनंद लें और पहलवानों का उत्साहवर्धन करें।

# प्रकाश पर्व पर श्रद्धा और उल्लास के साथ निकला विशाल नगर कीर्तन

गदरपुर (उद संवाददाता)। सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह महाराज के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर सकैनिया क्षेत्र की संगत द्वारा विशाल नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। शनिवार को डेरा बाबा भुम्मणशाह मंदिर परिसर स्थित गुरुद्वारा साहिब में गुरबाणी पाठ और अरदास के पश्चात, श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की छत्रछाया और पंज प्यारों के नेतृत्व में नगर कीर्तन का शुभारंभ हुआ।नगर कीर्तन के दौरान पूरा क्षेत्र 'बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के जयघोष से गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने श्रद्धाभाव से पालकी साहिब पर पुष्प वर्षा की, जबकि महिलाएं मार्ग में झाड़ू लगाकर सेवा करती दिखीं। नगर कीर्तन का मुख्य आकर्षण 'फेयरलेस गतका ग्रुप' के कलाकारों द्वारा दिखाए गए हैरतअंगेज करतब रहे, जिन्हें देख दर्शक दंग रह गए। उनके पीछे पंजाब से आए पाइप बैंड और श्री गुरु हरगोबिंद साहिब पब्लिक स्कूल के बच्चों के दल ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।रागी भाई चरणजीत सिंह के जत्थे ने वैराग्यमयी कीर्तन के जरिए संगत को गुरु महिमा से निहाल किया। नगर कीर्तन विभिन्न गुरुद्वारों की आकर्षक झांकियों के साथ मझरा मरदान, कुईखेड़ी, बरेली नगर नंबर दो, राजपुरा और सकैनिया मुख्य बाजार से होता हुआ देर शाम मजराझुन्नी स्थित गुरुद्वारे में संपन्न हुआ। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा जलपान और लंगर की व्यवस्था भी की गई थी।इस मौके पर भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा,पूर्व पालिका अध्यक्ष सुरेश कंबोज,भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री नरेश हुडिया,ग्रंथी सिमरन सिंह, टेकचंद कंबोज, पृथ्वी बजाज, राकेश कुमार, सचिन कुमार, हरनाम चंद,हरबंस सिंह, राकेश कंबोज,बलदेव सिंह,अमन कंबोज, डॉ देशराज सहित तमाम संगत शामिल रही।





# देश-विदेश के वैज्ञानिकों ने प्रस्तुत किए 150 शोध पत्र, प्रतिभागियों को बांटे गए प्रशस्ति-पत्र

## तकनीक और नवाचार पर केंद्रित इम्पैक्ट-2026 संपन्न

पंतनगर (उद संवाददाता)। पंतनगर विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय अंतर्गत सूचना प्रौद्योगिकी विभाग और डिजिटल मैनुस्क्रिप्टपीडिया, ग्रेटर नोएडा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस 'इम्पैक्ट-2026' का विधिवत समापन हो गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि और कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष अधिष्ठाता प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एस.एस. गुप्ता ने सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रतिभागियों और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के अकादमिक आयोजन विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। कार्यक्रम के अंत में तकनीकी सत्रों के अध्यक्षों और प्रतिभागियों को स्मृति-चिन्ह व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। अधिष्ठाता ने सफल आयोजन के लिए विभागाध्यक्ष राजीव सिंह और सचिव अशोक कुमार की टीम को बधाई दी। सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष और कॉन्फ्रेंस समन्वयक राजीव सिंह ने दो दिनों तक चली विभिन्न गतिविधियों और तकनीकी सत्रों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आयोजन समिति के सदस्य गुलशन श्रीवास्तव ने समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस कॉन्फ्रेंस में भारत सहित विदेशों के वैज्ञानिकों और शोधार्थियों ने लगभग 150 शोध पत्र ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से प्रस्तुत किए। अंत में कॉन्फ्रेंस के सचिव और सहायक प्राध्यापक अशोक कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी शिक्षकों, वैज्ञानिकों और छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया।



# हल्द्वानी के एम.बी. कॉलेज मैदान में में 29 जनवरी से गूंजेगी शिव महिमा

## मुख्यमंत्री धामी ने स्वीकार किया निमंत्रण

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। शहर में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान (डीजेजेएस) के तत्वावधान में आगामी 29 जनवरी से 4 फरवरी 2026 तक भव्य शिव कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर समूचे क्षेत्र में आध्यात्मिक उत्साह का माहौल है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस पावन आयोजन की सराहना करते हुए कार्यक्रम में शामिल होने का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में सांस्कृतिक चेतना और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं।संस्थान के प्रचारक स्वामी उमेशानंद ने कार्यक्रम का विवरण साझा करते हुए बताया कि शिव कथा प्रतिदिन दोपहर 1:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक एम.बी. कॉलेज ग्राउंड में आयोजित होगी। कथा का वाचन प्रख्यात कथा वाचक डॉ. सर्वेश्वर करेंगे। डॉ. सर्वेश्वर की पृष्ठभूमि शैक्षणिक रूप से अत्यंत प्रभावशाली है; उन्होंने आईआईटी दिल्ली से रसायन विज्ञान (केमिस्ट्री) में पीएचडी की है और वे स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर पर स्वर्ण पदक विजेता रहे हैं। उनकी कथा की मुख्य विशेषता वैज्ञानिक तथ्यों और आध्यात्मिक सिद्धांतों का सटीक समन्वय है, जिससे वे शिव तत्व को आधुनिक और तार्किक संदर्भों में प्रस्तुत करते हैं। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा आयोजित यह कथा न केवल आध्यात्मिक जागरण का माध्यम बनेगी, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक उत्थान को भी बढ़ावा देगी। आयोजन की भव्यता को देखते हुए हल्द्वानी सहित आसपास के क्षेत्रों से भारी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है। आयोजन समिति ने कथा को सफल बनाने के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं।



# चार लेबर कोड के खिलाफ देश व्यापी हड़ताल कल

## ऐक्टू के जिला सम्मेलन में गूंजी अधिकारों की आवाज, पुराने 29 श्रम कानूनों को बहाल करने की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियंस (ऐक्टू) के पांचवें ऊधमसिंह नगर जिला सम्मेलन का आयोजन गल्ला मंडी में किया गया। इस दौरान आयोजित रैली और सम्मेलन में वक्ताओं ने केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए चार लेबर कोड को मजदूर विरोधी बताते हुए इन्हें तत्काल रद्द करने की मांग की। ऐक्टू के राष्ट्रीय सचिव के.के. बोरा ने मजदूरों को संबोधित करते हुए कहा कि नए लेबर कोड लागू होने से कर्मचारी और मजदूर पूरी तरह अधिकार विहीन हो जाएंगे। उन्होंने घोषणा की कि पुराने 29 श्रम कानूनों की बहाली की मांग को लेकर देश भर के मजदूर 12 फरवरी 2026 को विशाल हड़ताल करेंगे। राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि देश में कामगारों की मेहनत से उत्पादन के रिकॉर्ड टूट रहे हैं, लेकिन इसका लाभ मजदूरों को नहीं मिल रहा है। कम भुगतान के कारण श्रमिक बदहाली में जीने को मजबूर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पुराने कानूनों ने मजदूरों को मौलिक अधिकार दिए थे, लेकिन नए कोड के जरिए शोषण को कानूनी मान्यता दी जा रही है। उन्होंने न्यूनतम मजदूरी की दर 193 रुपये प्रतिदिन तय किए जाने को शर्मनाक बताते हुए कहा कि वर्तमान समय में कहीं भी मजदूरी 500 रुपये से कम नहीं है। साथ



ही बोनस के अधिकार को भी सरकार की मर्जी पर छोड़ दिया गया है और निर्माण मजदूरों के कार्ड बनाने की प्रक्रिया कठिन कर उनकी सुविधाएं छीन ली गई हैं। सम्मेलन के पर्यवेक्षक और ऐक्टू उत्तराखंड के राज्य उपाध्यक्ष जोगेंद्र लाल ने कहा कि जिन 29 श्रम कानूनों को हटाया गया है, उन्हें आजादी के संघर्ष के दौरान अंग्रेजी हुकूमत से छीना गया था और डॉक्टर अंबेडकर ने उनकी रूपरेखा तैयार की थी। इन कानूनों को औपनिवेशिक बताकर हटाना असल में मजदूरों पर उत्पीड़न थोपना है। भाकपा माले के जिला सचिव ललित मटियाली ने कहा कि विकसित भारत के नाम पर लाए जा रहे ये कानून केवल चुनिंदा पूंजीपतियों के हित में हैं, जबकि आम जनता को बुनियादी सुविधाओं से वंचित कर गुलामों की फौज में तब्दील किया जा रहा है। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने कहा कि इन कोड के लागू होने से श्रमिकों का अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाएगा। सम्मेलन के दौरान कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। इनमें अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच सुप्रीम कोर्ट के मौजूदा न्यायाधीश की देखरेख में कराने, राज्य में न्यूनतम वेतन 38 हजार रुपये प्रतिमाह करने, उत्तर प्रदेश की आशा कार्यकर्ताओं की मांगों को मानने और उन्हें राज्य कर्मचारी का दर्जा देने की मांग शामिल रही। इसके अलावा मनरेगा कानून की बहाली और निर्माण मजदूर कार्ड बनवाने की प्रक्रिया को सरल करने का भी प्रस्ताव पारित हुआ। इस अवसर पर ममता पानू, रीता कश्यप, सुधा शर्मा, शर्मिन सिद्दीकी, दयाल सिंह गाड़िया, हीरा राठौर, दीपक कांडपाल, उत्तम दास, अनिता अन्ना, मोहन सिंह बिष्ट, कमल, वीरेंद्र सिंह और मनोज आर्य सहित सैकड़ों श्रमिक उपस्थित रहे।

# गांधी पार्क और उत्तरायणी पार्क की कायाकल्प के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू: मेयर

रुद्रपुर। नगर के प्रमुख पार्कों को नया स्वरूप देने की दिशा में एक बड़ी पहल शुरू हो गई है। मेयर विकास शर्मा ने बताया कि गांधी पार्क के विकास एवं सुंदरीकरण का काम जिला विकास प्राधिकरण, उधम सिंह नगर द्वारा प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्राधिकरण द्वारा इस परियोजना के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होते ही पार्क में विकास कार्य शुरू कर दिए जाएंगे। मेयर ने बताया कि गांधी पार्क के सुंदरीकरण के



लिए 490.51 लाख रुपये की लागत का टेंडर जारी हुआ है। कार्य को 12 माह की अवधि में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि पार्क को आधुनिक सुविधाओं, हरियाली और आकर्षक ढांचे से लैस किया जाएगा, ताकि नागरिकों को एक बेहतर स्थल उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही मेयर विकास शर्मा ने बताया कि शहर के दूसरे महत्वपूर्ण पार्क उत्तरायणी पार्क के विकास एवं सौंदर्यकरण का भी 285 लाख रुपये का टेंडर प्रक्रिया शुरू कर कर दी है। इस योजना को 9 माह के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उत्तरायणी पार्क में भी आधुनिक सुविधाओं से जुड़ी संरचनाओं का विकास किया जाएगा। मेयर ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह द्वारा की गई घोषणाओं के फलस्वरुप ये दोनों विकास कार्य रुद्रपुर के सौंदर्यीकरण और नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए शुरू होने जा रही है। गई हैं। पार्कों के विकसित होने से शहर को एक नया पर्यावरणीय और सौंदर्यपूर्ण स्वरूप मिलेगा।

# एबीवीपी ने घोषित की लालकुआं की नई कार्यकारिणी

## दीपांशु पांडेय नगर अध्यक्ष और सावन मेहता कॉलेज इकाई के अध्यक्ष मनोनीत

लालकुआं (उद संवाददाता)। विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने लालकुआं नगर और लाल बहादुर शास्त्री (एलबीएस) महाविद्यालय इकाई का विस्तार करते हुए नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। रविवार को नगर पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। चुनाव अधिकारी के रूप में उपस्थित अभिमन्यु ओझा ने नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए कहा कि परिषद राष्ट्र निर्माण का एक बड़ा आंदोलन है और नवनिर्वाचित पदाधिकारी छात्र हितों की रक्षा के लिए संकल्पित रहेंगे।संगठनात्मक घोषणा के अनुसार दीपांशु पांडेय को लालकुआं नगर अध्यक्ष और गोविंद कुमार को नगर मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नगर उपाध्यक्ष के पद पर दीपेश जीना व अमित कुमार को मनोनीत किया गया है। इसके अलावा रॉकी यादव, करन दुमका और अभिषेक अग्रहड़ी को नगर सह-मंत्री बनाया गया है। विभिन्न आयामों की जिम्मेदारी सौंपते हुए अभिषेक यादव को नगर सोशल मीडिया प्रमुख, नेहा बोरा को राष्ट्र कला मंच संयोजक, रीया आर्य को एसएफएस संयोजक और दिया रजवार को ‘खेलो भारत’ संयोजक नियुक्त किया गया है।महाविद्यालय स्तर पर छात्र नेता सावन मेहता को एलबीएस कॉलेज इकाई का अध्यक्ष और हिमांशु कुन्याल को कॉलेज मंत्री चुना गया। तहसील स्तर पर संगठन के विस्तार के लिए सचिन फुलारा को तहसील संयोजक बनाया गया है। इस दौरान विभाग संगठन मंत्री कैलाश बिष्ट ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन के ध्येय को आत्मसात करने का आह्वान किया। बैठक में परिषद के कार्यकर्ताओं और छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

# दिव्यांगों और बुजुर्गों को निशुल्क मिलेंगे सहायक उपकरण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राज्य सरकार के ‘जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार’ अभियान के अंतर्गत जनपद के दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), कानपुर के तकनीकी सहयोग से जिले के सभी विकास खंडों में निशुल्क सहायक उपकरण परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में पात्र व्यक्तियों का चयन कर उन्हें आवश्यकतानुसार व्हीलचेयर, बैसाखी, ट्राइसाइकिल, कान की मशीन (श्रवण यंत्र) और कृत्रिम अंग उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रशासन द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, सभी शिविर संबंधित विकास खंडों में प्रातः 11:00 बजे से प्रारंभ होंगे। शिविरों की श्रृंखला में 12 जनवरी सोमवार को जसपुर, 13 जनवरी मंगलवार को काशीपुर, 14 जनवरी बुधवार को बाजपुर और 15 जनवरी गुरुवार को गदरपुर विकास खंड में परीक्षण किया जाएगा। इसी प्रकार 16 जनवरी शुक्रवार को रुद्रपुर, 16 जनवरी शनिवार को सितारगंज और 17 जनवरी रविवार को खटीमा विकास खंड में शिविर आयोजित किए जाएंगे।इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगों और बुजुर्गों को उनके घर के समीप ही सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है, ताकि वे दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को दूर कर सम्मानजनक जीवन जी सकें। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों और एलिम्को की टीम द्वारा लाभार्थियों का परीक्षण किया जाएगा। जिला प्रशासन ने जनपद के सभी पात्र दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी सुविधा के अनुसार निर्धारित तिथि और स्थान पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहुंचकर इस योजना का लाभ उठाएं।

# भक्ति केवल शब्द नहीं जीवन जीने की सजग यात्रा है: माता सुदीक्षा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।“भक्ति केवल शब्द नहीं जीवन जीने की सजग यात्रा है” यह प्रेरणादायक विचार निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने हरियाणा स्थित संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा में आयोजित ‘भक्ति पर्व समागम’ के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन सानिध्य में श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक उल्लास की अनुपम छटा देखने को मिली। इसी क्रम में भक्तिपर्व के उपलक्ष में निरंकारी समागम का आयोजन निरंकारी सतसंग भवन गोजाजाली बरेली रोड में किया गया ` जिसमे मिशन के प्रचारक कर्नल जसबिंदर सिंह ने भक्ति की महिमा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज सतगुरु माता जी ने कहा कि भक्ति कोई नाम या दिखावा नहीं, बल्कि अपने भीतर की सजग यात्रा है। सच्ची भक्ति तब है जब हम आत्म मंथन द्वारा दूसरों से पहले



स्वयं को जाँचें, अपनी कमियों को सुधारें और हर पल जागरूक जीवन जिएँ। अज्ञान में हुई गलती सुधर सकती है, पर जानबूझकर चोट पहुँचाना, बहाना या चालाक शब्द भक्ति नहीं हैं, क्योंकि भक्त का स्वभाव मरहम का होता है। इस अवसर पर परम संत संतोख सिंह सहित अन्य संत महापुरुषों के तप, त्याग एवं उनके ब्रह्मज्ञान के प्रचार-प्रसार में दिए गए अमूल्य योगदान का भावपूर्ण स्मरण किया गया। समागम के दौरान अनेक वक्ताओं, कवियों एवं गीतकारों ने गुरु महिमा, भक्ति भाव और मानव कल्याण के संदेशों को प्रस्तुत किया।

# राष्ट्रीय मार्शल आर्ट्स में रिद्धिमा ने जीता गोल्ड मैडल

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। तेलंगाना में आयोजित 26वीं राष्ट्रीय स्क्वे मार्शल आर्ट चौंपियनशिप (अंडर-18) में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए दिनेशपुर किंग्सहाइट इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा रिद्धिमा सती ने स्वर्ण पदक हासिल किया है। शनिवार को मेडल जीतकर दिनेशपुर पहुंचने पर छात्रा का फूल-मालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया।रिद्धिमा के कोच राजवीर सिंह ने बताया कि तेलंगाना सरकार और स्क्वे फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 5 से 7 जनवरी तक आयोजित इस प्रतियोगिता में हरियाणा, असम, राजस्थान और ओडिशा सहित विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। कड़े मुकाबलों के बीच कक्षा 10 की छात्रा रिद्धिमा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।



विजयनगर स्थित स्कूल पहुंचने पर प्रबंधक कमेटी और शिक्षकों ने छात्रा का उत्साहवर्धन किया। कालीनगर और आसपास के क्षेत्रवासियों ने भी रिद्धिमा की इस उपलब्धि पर गर्व जताया।इस दौरान ग्राम प्रधान मीना विश्वास ने रिद्धिमा का स्वागत करते हुए घोषणा की कि अगले माह दुबई में होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए वह रिद्धिमा को आर्थिक सहयोग प्रदान करेंगी। स्कूल प्रबंधक आलमजीत सिंह साहू ने कहा कि रिद्धिमा ने न केवल स्कूल, बल्कि पूरे उत्तराखंड का नाम राष्ट्रीय स्तर पर चमकाया है। इस गौरवपूर्ण क्षण पर प्रधानाचार्या अंजू बोरा, डी.एस. राणा, परमानंद गंगवार, सावित्री रावत, गीता पांडेय, गोपाल सिकदार, नितिन हल्दार, अभिषेक गुप्ता, रूपाली सक्सेना, हरविंदर कौर और कोच कैलाश कुमार, शेर सिंह लामा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने दी स्वामी विवेकानन्द जयन्ती की शुभकामनाएँ

देहरादून (उद संवाददाता) |मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने अपने सन्देश में कहा कि स्वामी विवेकानन्द, महान आध्यात्मिक विचारक एवं वक्ता थे। स्वामी विवेकानन्द को युवाओं का प्रेरणास्रोत बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी जी ने भारतीय दर्शन तथा हमारी महान संस्कृति के महत्व को दुनिया तक पहुंचाने का महान कार्य किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने अपने बौद्धिक विचारों, ओजस्वी वाणी के माध्यम से युवाओं को आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण और राष्ट्रसेवा का मार्ग दिखाया। उनका यह संदेश “उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत” आज भी युवाओं के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने युवा शक्ति को राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए आत्मनिर्भर, सशक्त तथा चरित्रवान भारत के निर्माण में सभी से सहयोगी बनने की भी अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति, नवाचार और नेतृत्व में युवाओं की भूमिका निर्णायक है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, खेल, शिक्षा, उद्यमिता और सामाजिक सेवा आदि हर क्षेत्र में हमारे युवा अपनी प्रतिभा और परिश्रम से भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान बना रहे हैं।मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर युवाओं सहित सभी प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे अपनी ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग कर देश एवं प्रदेश के विकास में अपना योगदान देने के लिये आगे आयें।

# सनातन धर्म का न आदि है ना अंत- हरि चैतन्यपुरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म का आदि है ना अंत। इसीलिए इसे सत्य सनातन धर्म कहते हैं। सत्य का तात्पर्य जो त्रिकालाबाद है। जो था, है व रहेगा।जिसके बनने या बिगड़ने की तारीख पता लगे वे मत,पंत या संप्रदाय कहलाते हैं । हम सभी का सम्मान करते हैं लेकिन जिसके बनने या बिगड़ने की तारीख पता ना हो जो सृष्टि के आरंभ से पहले व प्रलय के बाद भी रहेगा वही सनातन है। हमारे वैज्ञानिक ऋषियों की महान देन है सनातन धर्म। व सनातन संस्कृति ढकोसला नहीं विज्ञान सम्मत है जिसे विज्ञान की कसौटी पर खरा परखा जा सकता है यदि यह कह दें कि सभी का प्रादुर्भाव सनातन से ही हुआ है तो यह अतिशयोक्ति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान काल सनातन के लिए



स्वर्णिम काल है बड़ी हार्दिक प्रसन्नता का अनुभव होता है जब लोगों में सनातन के लिए पुनः आकर्षण पैदा होते हुए देखते हैं। हमारे पवित्र तीर्थ उपासना स्थलों संस्कृति के मूल सिद्धांतों को उत्तर उत्तर बढ़ते हुए देखते हैं। बच्चे बच्चे के मन में श्री राम,श्री कृष्ण,मां जगदंबा, भगवान शिव, संतों-महापुरुषों, ऋषि, मुनियों, वीर अमर शहीदों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों सनातन की रक्षा के लिए सर्वस्व बलिदान करने वाले सिख पंथ के दस गुरुओं व उनके परिवारों, स्वामी दयानंद, स्वामी विवेकानंद, जगतगुरु आद्य शंकराचार्य, चैतन्य महाप्रभु, महावीर स्वामी, महात्मा बुद्ध इत्यादिक के लिए जो भाव व श्रद्धा का सैलाब उमड़ते हुए देखते हैं तो हृदय में जो प्रसन्नता होती है उसे शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकते। अपने धारा प्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी भक्तों को मंत्र मुग्ध व भाव विभोर कर दिया सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा व “श्री गुरु महाराज”,“कामां के कन्हैया” व “लाठी वाले भैय्या”की जय जयकार से गूँज उठा। इससे पूर्व काशीपुर, बाजपुर, गदरपुर, दानपुर व रूद्रपुर में अनेक स्थानों पर श्री महाराज जी का हजारों भक्तों ने भव्य व अभूतपूर्व स्वागत किया।

# कुमाऊंनी और गढ़वाली संस्कृति के रंगों के साथ महोत्सव का समापन

## छोलिया नर्तकों और लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों पर जमकर थिरके दर्शक, योग दल सम्मानित

गदरपुर(उद संवाददाता)। पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान समिति गदरपुर के तत्वावधान में मकर संक्राति पर्व एवं समिति की 27वीं वर्षगांठ के अवसर पर 10 दिवसीय आयोजित कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर कुमाऊं व गढ़वाली की गौरवशाली परम्परा व संस्कृति जीवित हो उठी। पारम्पाकिर बाध्य यंत्रों की धुन पर थिरकते छोलिया नर्तकों के साथ ही लोक कलाकारों की मनस्कांत प्रस्तृति पर दर्शक भी जमकर थिरके। राजकीय इण्टर कालेज प्रांगण में आयोजित 10 दिवसीय कार्यक्रम का धूमधाम के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम का समापन जिलाधिकारी के नहीं पहुचने पर विशिष्ठ अतिथि के रुप में उपजिलाधिकारी श्रीमती अमृता शर्मा (बाजपुर), खंड विकास अधिकारी शेखर जोशी, डॉ उपाध्याय एवं समिति अध्यक्ष रविन्द्र कुमार आर्या , सचिव बधाई देते कहा कि इस प्रकार से पर्व से भारतीय संस्कृति की पहचान आम लोगों तक पहुंचती है। उन्होंनें ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने पर समिति को बधाई दी। अध्यक्षता कर रहे जीवन सिंह बिष्ट, हीरा सिंह बिश्ट, ललित मिगकानी, बहादुर नेगी, हुकुम सिंह बिष्ट, अंकुर काण्डपाल, प्रमोद टम्टा,, हिमांशु पांडेय, गीता पपोला, राहुल कुमार अनिल सिंह, धर्मचन्द







मनोज कुमार काण्डपाल, उपाध्यक्ष मनोज पांडे द्वारा संयुक्त रुप से मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके उपरान्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। बाहर से पधारे कलाकार सुपर स्टार लोक गायकों ने उत्तराखंड के बाध्य यंत्रो व छोलिया नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वही नगर के कुछ स्कूली बच्चों द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर धूम मचाई। इस दौरान योग समिति हल्द्वानी के पहुंचे बच्चों को एसडीएम व समिति के पदाधिकारियों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मनित भी किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में एस डी एम ने लोगों मकरसंक्राति की रणजीत सिंह बिष्ट ने सर्व प्रथम लोगों को मकरसंक्रांति उत्तरायणी पर्व की बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने से भारतीय संस्कृति की छठा उभर कर सामने आती है। इस इस मौके पर समिति संरक्षक भूपेन्द्र सिंह बिष्ट, सुरेश चन्द्र तिवारी, पदम सिंह बिष्ट, नंदा बल्लभ भट्ट, बलराम आर्या, डिकर देव पांडे, समिति आडिटर इन्द्रमणि तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष चम्पा पांडे, एडवोकेट गजेंद्र बिष्ट,उपाध्यक्ष मनोज पांडे, कोषाध्यक्ष प्रेम आर्य, उप कोषाध्यक्ष बलवन्त सिंह दानू, रंजीत सिंह, राजेन्द्र बिष्ट हीरा सिंह, दर्शन सिंह नेगी, प्रेम आर्या, सुमित उपाध्याय, प्रमोद टम्टा, खेड़ा, अभिषेक वर्मा, चन्द्रा सिंह, पूर्व विधायक प्रेमा नंद महाजन, ममता हारदार, सुमित्तर भुल्लर, चन्दन सिंह नयाल, भीम ठुकराल, विकास तनेजा, राजकुमार सिंधी, सुरेश कुमार डंग, टीकम खेड़ा, केवल अरोरा, मुनि भुसरी, अभिषेक गुम्बर, राम विलास, लाल बहादुर उर्फ लाल बदशाह, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। वहीं कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा, पालिकाध्यक्ष मनोज गुम्बर व भाजपा नंगर मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना ने मकरसंक्रांति पर्व पर लोगों को शुभकामनायें दी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए पंकज कांडपाल ने उपस्थित लोगों को इस पर्व की बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया।

## बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा मन



गदरपुर। पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान समिति की ओर से आयोजित उत्तरायणी कौतिक मेले में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विभिन्न लोकनृत्य, गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें देख दर्शक भाव-विभोर हो गए।ईश्वरीय विश्वविद्यालय गदरपुर शाखा की टीम ने बहन बीके ज्योति के सान्निध्य में विश्व शांति, सद्भाव और एकता का संदेश देते हुए ईश्वरीय गीतों की प्रस्तुति की। सांस्कृतिक मंच पर ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों को दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लाल मोहम्मद उर्फ लाल बादशाह ने जरूरतमंद लगभग 150 लोगों को रजाइयों का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर वर्ग की सेवा करना ही सच्ची मानवता है। लाल मोहम्मद उर्फ लाल बादशाह लंबे समय से सामाजिक सेवा से जुड़े हुए हैं और समय-समय पर गरीबों, असहायों व जरूरतमंदों की सहायता करते रहे हैं। क्षेत्र में उनकी पहचान एक समाजसेवी और सहयोगी व्यक्तित्व के रूप में है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों को निरंतर जारी रखने की बात कही।

# घुघुतिया त्यार में लोक कलाकारों ने बिखेरा सुरों का जादू

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों संग हुई प्रतियोगिताएं आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में चल रहे उत्तरायणी मेले घुघुतिया त्यार के पांचवें दिन सांस्कृतिक संध्या में सुप्रसिद्ध लोक गायक राकेश पनेरू और किरन चोपड़ा ने अपने सुरों का जादू बिखेरा। वहीं सुबह चित्रकला प्रतियोगिता, कुमाऊंनी आण-काथ, कुमाऊंनी भाषा में कविता पाठ प्रतियोगिताएं हुई। रविवार को हीरानगर स्थित पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच प्रांगण में चल रहे उत्तरायणी मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई। गुनगुनी धूप में क्षेत्रावासियों ने आकर बड़े उत्साह के साथ खरीदारी करते हुए मेले का आनंद उठाया। दिनभर काफी चहल पहल देखने को मिली।मेला परिसर में जहां व्यवसायियों में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है, वहीं स्थानीय निवासियों में मेले को लेकर गजब का उत्साह बना हुआ है। स्थानीय स्वयं सहायता समूहों के स्टालों में लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। सांस्कृतिक संध्या का भी लोग जमकर आनंद ले रहे है।मंच परिसर में कुमाऊंनी भाषा में कविता प्रतियोगिता में कार्तिक जोशी ने पहला, दक्ष जोशी ने दूसरा और तेजस्वनी कोठारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। चित्रकला के किशोर वर्ग में विराट सिंह बिष्ट प्रथम, अनन्या अग्रवाल व ईशान शर्मा द्वितीय और निकुंज बचखेती ने तीसरा स्थान प्राप्त किया जबकि तेजस्वनी कोठरी को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया। युवा वर्ग में चंदन सिंह, मेहुल किशन और अर्शाली शर्मा ने पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि शिशु वर्ग में नंदिनी पाण्डे ने प्रथम, जलज सिंह रावत द्वितीय और कियारा खाती तृतीय स्थान पर रहीं। बाल वर्ग की प्रतियोगिता में काव्या टम्टा व नमन जैन ने पहला, राघव मेहता व हृदयांशी जोशी ने दूसरा और मंतव्य शाह व यश गुसांई ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। आण-काथ प्रतियोगिता में हरिप्रिया बिष्ट ने पहला, नीमा पाण्डे ने दूसरा और पुष्पा जोशी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं उत्तरायणी मेले में लोकगाक राकेश पनेरू और किरन चापेड़ा ने अपने गीतों से चार चांद लगा दिए। वहीं विभिन्न सांस्कृतिक दलों के कलाकारों ने कुमाऊंनी लोकनृत्य और गीत प्रस्तुत कर संस्कृति की अनूठी छटा बिखेरी। परंपरागत वेशभूषा के साथ किए गए लोक नृत्यों ने हल्द्वानी में बस चुके लोगों की पहाड़ से जुड़ी यादों को ताजा कर दिया। देर शाम मेले में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद शहर विधायक सुमित हृदयेश के साथ लक्ष्मण सिंह लमगड़िया, उमेश चंद्र अग्रवाल, पूर्व ब्लाक प्रमुख भोला दत्त भट्ट, नवीन वर्मा व पार्षद प्रेम बेलवाल ने दीप प्रज्जवलित किया व सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया। सांस्कृतिक संध्या में राकेश पनेरू ने पतलोट की सुनीता, झन जाए इकली सुवा चौमासा बना, मेरी हिमुली मौत नहगे, भौजी रंगीली और किरन चोपड़ा ने तू रूछी मैया भजन, घास काटुलो इजु ऊंचा डाना मा, हाय काकड़ी झिल मा और मोहना-मोहना रेटी ज्ञों सुनाकर दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर संरक्षक हुकुम सिंह कुंवर, अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल, उपाध्यक्ष गोपाल सिंह बिष्ट, सचिव देवेंद्र तोलिया, कोषाध्यक्ष त्रिलोक बनोली, आय-व्यय कैलाश जोशी के अलावा, हेम भट्ट, शोभा बिष्ट, चंद्रशेखर परगाई, भुवन जोशी, नीरज बगडवाल, ललित बिष्ट, धर्म सिंह बिष्ट, संदीप भैसोड़ा, कमल किशोर, रितिक आर्य, तरुण नेगी, पार्षद मनोज जोशी,पार्षद शैलेन्द्र दानू, रचना श्रीवास्तव समेत तमाम लोग मौजूद रहे।




SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता

डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश


# किसान की आत्म हत्या के मामले में सीएम ने दिये जांच के आदेश

देहरादून(उद संवाददाता)। ऊधमसिंह नगर जनपद के काशीपुर निवासी एक किसान द्वारा हल्द्वानी में आत्महत्या किए जाने के गंभीर प्रकरण को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अत्यंत संवेदनशीलता से लेते हुए कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत द्वारा मजिस्ट्रेट जांच के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा है कि इस दुखद घटना के सभी तथ्यों और परिस्थितियों की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच सुनिश्चित की जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और यदि किसी स्तर पर लापरवाही या दोष पाया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा सके। मुख्यमंत्री धामी ने इस संबंध में मुख्य सचिव आनंद बध 'न और पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ से भी पूरे प्रकरण की विस्तृत जानकारी ली है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने दिवंगत किसान के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार इस कठिन समय में परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए कि पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए तथा उन्हें न्याय दिलाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं।

# सस्ता गल्ला विक्रेता मिले विधायक सुमित से

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर फेडरेशन, नैनीताल के एक शिष्टमंडल ने विधायक सुमित हृदयेश से भेंट कर सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। शिष्टमंडल ने विधायक सुमित को बताया कि वर्तमान में सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं और उनके समक्ष रोजी-रोटी का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने मानदेय बढ़ाने की मांग रखते हुए कहा कि खाद्यान्न गोदामों में गेहूं, चावल सहित अन्य खाद्य सामग्री को तौलकर दिए जाने, गोदामों में कांटा (वजन मशीन) स्थापित किए जाने सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है। इसके साथ



ही शिष्टमंडल ने यह भी बताया कि वितरण के दौरान बायोमेट्रिक और रेटिना सिस्टम के बार-बार फेल होने के कारण विक्रेताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिससे न केवल वितरण प्रभावित होता है बल्कि अनावश्यक विवाद की स्थिति भी उत्पन्न होती है। विधायक सुमित हृदयेश ने शिष्टमंडल की सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि आगामी विधानसभा सत्र में इन सभी मुद्दों को वे पूरी मजबूती के साथ सदन में उठाएंगे तथा सरकार का ध्यान सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं की वास्तविक समस्याओं की ओर आकर्षित करेंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मोहन अधिकारी, शहर अध्यक्ष बिशंबर कांडपाल, दीपक जोशी, कुंदन,सालिम सिद्दीकी, मुन्ना सलमानी, ओवैस कादरी, असजद अली, मुजीब उर रहमान, वकील अहमद, सरफराज खान, प्रमोद गोस्वामी सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# कुमार आटोव्हील्स में महिंद्रा के दो नए वाहनों की भव्य लॉन्चिंग

## पेट्रोल-डीजल श्रेणी में एक्सयूवी-7 एक्सओ और इलेक्ट्रिक में एक्सईवी-9एस ने दी दस्तक, बुकिंग 14 जनवरी से

रूद्रपुर। किच्छा बाईपास मार्ग स्थित मैसर्स कुमार आटोव्हील्स प्राइवेट लिमिटेड में शनिवार को महिंद्रा एंड महिंद्रा के दो बहुप्रतीक्षित वाहनों की भव्य लॉन्चिंग हुई। मुख्य अतिथि आईपीएस अधिकारी और 46वीं वाहिनी पीएससी के कमांडेंट पंकज भट्ट, कंपनी के सीएम डी शिव कुमार अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल और शुभम अग्रवाल ने संयुक्त रूप से पेट्रोल व डीजल श्रेणी के वाहन ‘एक्सयूवी-7 एक्सओ’ और पूर्णतः इलेक्ट्रिक वाहन ‘एक्सईवी-9एस’ का अनावरण किया। समारोह में कंपनी के बिक्री महाप्रबंधक ने उपस्थित ग्राहकों को वाहनों की विशेषताओं और कंपनी की उपलब्धियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इन दोनों वाहनों की बुकिंग 14 जनवरी से शुरू हो जाएगी।एक्सयूवी-7 एक्सओ कुल छह श्रेणियों एएक्स, एएक्स-3, एएक्स-5, एएक्स-7, एएक्स-7टी और एएक्स-7एल में उपलब्ध है। इसमें 2 लीटर टर्बो-पेट्रोल और 2.2 लीटर डीजल इंजन के विकल्प दिए गए हैं, जिसकी शुरुआती कीमत 13.66 लाख रुपये रखी गई है। इस वाहन के छोटे पिक्सेल जैसे कोहरा प्रकाश (फॉग लैम्प्स) इसे आकर्षक लुक देते हैं। इसके उच्च मॉडल में 19 इंच के मिश्र धातु के पहिये (अलॉय व्हील्स) दिए गए हैं, जबकि अन्य मॉडलों में 18 व 17 इंच के पहिये मिलेंगे। इसकी सबसे बड़ी विशेषता डैशबोर्ड पर लगी नई ट्रिपल 12.3 इंच की स्क्रीन है। इसके अतिरिक्त इसमें दोहरे क्षेत्र का जलवायु नियंत्रण, वायरलेस फोन चार्जर, बिना चाबी के प्रवेश, स्मृति फंक्शन के साथ संचालित चालक सीट और अपडेटेड कनेक्टेड कार फीचर्स दिए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से इसमें 7 वायु-थैली (एयरबैग), इलेक्ट्रॉनिक स्थिरता नियंत्रण, फ्रंट और रियर पार्किंग सेंसर और लेवल-2 उन्नत चालक सहायक प्रणाली (एडीएएस) जैसे आधुनिक फीचर शामिल हैं। वहीं, इलेक्ट्रिक श्रेणी में ‘एक्सईवी-9एस’ को 7 सीटों वाली एसयूवी के रूप में पेश किया गया है। यह वाहन लगभग 280 पीएस की शक्ति और मात्र 7 सेकंड में शून्य से सौ की रफ्तार पकड़ने की क्षमता रखता है। एक बार चार्ज होने पर यह 500 किलोमीटर की लंबी दूरी तय कर सकती है। इसमें 59, 70 और 79 किलोवाट प्रति घंटा के बैटरी पैक विकल्प उपलब्ध हैं। इसकी शुरुआती कीमत 19.95 लाख रुपये है। यह वाहन उन परिवारों के लिए बेहतर विकल्प है जो स्थान, प्रदर्शन और आधुनिक तकनीक के साथ इलेक्ट्रिक वाहन की ओर रुख कर रहे हैं। कंपनी के निदेशकों ने कहा कि कार्य की गुणवत्ता और प्रदर्शन से समझौता न करने के कारण ही उनकी गिनती देश के शीर्ष विक्रेताओं में होती है। उन्होंने भविष्य में महिंद्रा के और भी नए मॉडल बाजार में उतारने की जानकारी दी। इस अवसर पर महिंद्रा कंपनी के अधिकारी,शोरूम कर्मचारी, बीमा व वित्त कंपनियों के प्रति निधि सहित सहितकई गणमान्य लोग थे।








# कांग्रेस की बुद्धि-शुद्धि के लिए भाजपा नेताओं ने किया हवन

हल्द्वानी।भाजपा कुमाऊं संभाग कार्यालय में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत सहित कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेताओं की बुद्धि- शुद्धि के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया। इस दौरान मंत्रोच्चारण के बीच आहूतियां देकर कांग्रेस की राजनीति को प्रदेश के लिए बाधक बताया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे नैनीताल जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने उत्तराखंड को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। राज्य में सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐतिहासिक काम हुए हैं, लेकिन विपक्षी कांग्रेस के पास केवल विरोध करने के अलावा कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है।प्रताप सिंह बिष्ट ने संबोधन में कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से उत्तराखंड में जो चहुंमुखी विकास हो रहा है, उसे कांग्रेस पचा नहीं पा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस केवल अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए जनता के बीच भ्रम का माहौल पैदा कर रही है और लगातार झूठ का सहारा ले रही है। बिष्ट ने स्पष्ट किया कि उत्तराखंड की जनता जागरूक है और वह कांग्रेस के बहकावे में आने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि नकारात्मक राजनीति के कारण ही कांग्रेस का जनाधार पूरी तरह समाप्त हो चुका है।इस अवसर पर जिला महामंत्री रंजन सिंह बर्गली, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रदीप जनौटी, युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री दीपेंद्र कोश्यारी और दर्जा राज्यमंत्री रेनू अधिकारी ने भी विचार रखे। हवन कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, पूर्व मेयर जोगिन्दर पाल सिंह रौतेला, जिला उपाध्यक्ष प्रतिभा जोशी, दया किशन पोखरिया, जिला मंत्री प्रताप रैकवाल, जिला मीडिया प्रभारी नितिन राणा और जिला सह सोशल मीडिया संयोजक रत्नेश साह रहे। इसके अलावा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कंचन उप्रेती, हल्द्वानी नगर मंडल अध्यक्ष मधुकर श्रोत्रिय, काठगोदाम मंडल अध्यक्ष नीरज बिष्ट सहित विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित रहे।



# संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी हुई लापता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र के फुलसुंगा इलाके से एक नाबालिग किशोरी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने काफी खोजबीन के बाद अब पुलिस को तहरीर देकर मदद की गुहार लगाई है। ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस को दी गई तहरीर में फुलसुंगा निवासी बुद्धि राज यादव पुत्र भुधी यादव ने बताया कि उनकी 16 वर्षीय पुत्री श्वेता बीते 1 जनवरी 2026 की सुबह लगभग 10:00 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई। जब वह काफी देर तक वापस नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। पिता के अनुसार, उन्होंने अपनी सामर्थ्य के अनुसार सभी संभावित ठिकानों, सहेलियों के घर और रिश्तेदारियों में पता किया, लेकिन श्वेता का कहीं कोई सुराग नहीं मिल सका।परिजनों ने बताया कि श्वेता का रंग गोरा और कद लगभग 5 फुट है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुम शुदगी दर्ज कर ली है और आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही किशोरी की तलाश तेज कर दी है। पुलिस ने आम जनता से भी अपील की है कि यदि किसी को इस हुलिए की किशोरी के बारे में कोई जानकारी मिले, तो तत्काल ट्रांजिट कैंप थाने को सूचित करें।

# खुखरायण सभा ने मनाया लोहड़ी महोत्सव

हल्द्वानी। खुखरायण सभा ने नवाबी रोड बैंक्वेट हाल में लोहड़ी महोत्सव ढोल नगाड़ों के साथ मनाते हुए भांगड़ा एवं गिद्दा कर लोहड़ी का आनंद लिया। इस अवसर पर बच्चों ने डान्स कर एवं भोला भसीन एवं रीता सूरी द्वारा गीत गाकर लोगों को



आनंदित किया। इस अवसर पर सभा के अध्यक्ष नरेंद्र साहनी, महामंत्री संजीव आनंद, प्रदीप सबरवाल, हितेंद्र भसीन, गौरीशंकर चड्ढा, कश्मीरी लाल साहनी, जेके चड्ढा, सनी आनंद, राजू आनंद, विशाल साहनी, संदीप कोहली आदि लोग उपस्थित थे।

# ग्राम प्रधान ने समर्थकों के साथ थामा भाजपा का दामन

नगला/पंतनगर। ग्राम जवाहरनगर के ग्राम प्रधान मोहन पांडे ने अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने उन्हें पार्टी का पटका पहनाकर औपचारिक रूप से भाजपा परिवार में शामिल कराया। इस अवसर पर राजेश शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अंत्योदय के सिद्धांत पर चलने वाला संगठन है, जिसका लक्ष्य समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार पारदर्शिता और सुशासन के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है, जिससे प्रभावित होकर जनता निरंतर भाजपा से जुड़ रही है।भाजपा में शामिल होने के बाद ग्राम प्रधान मोहन पांडे ने कहा कि वह मुख्यमंत्री द्वारा गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के हित में लागू की गई योजनाओं से प्रभावित हैं। उन्होंने क्षेत्र में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला की जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशीलता और विकासपरक सोच की सराहना करते हुए कहा कि उनके साथ मिलकर वह क्षेत्र के विकास कार्यों को और अधिक मजबूती से आगे बढ़ाएंगे।प्रधान के साथ कुंदन अधिकारी, धन सिंह कोरंगा, शंकर जोशी, रिंकू शर्मा, प्रकाश बिष्ट और अनिल वर्मा समेत दर्जनों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली।इस सदस्यता अभियान के दौरान मंडल अध्यक्ष पिंकी डिमरी,पालिका अध्यक्ष सचिन शुक्ला, गोपाल जोशी, सुनील रुहेला, बीवी मिश्रा, मयंक तिवारी, नीरज कुमार, धनुज यादव और अजय कुमार सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने नए सदस्यों का स्वागत करतेहुए कहा कि इससे संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती मिलेगी।



# सिटी क्लब में कल मनेगा लोहड़ी का भव्य उत्सव

रूद्रपुर। लोहड़ी उत्सव आयोजन समिति की ओर से आगामी 13 जनवरी को सिटी क्लब में भव्य लोहड़ी उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा की प्रेरणा और मार्गदर्शन में होने वाले इस कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर समिति के पदाधिकारियों ने सिटी क्लब में पत्रकार वार्ता कर विस्तार से जानकारी साझा की। आयोजन समिति के सदस्य हरीश जल्होत्रा, राजकुमार फुटेला, पंकज बांगा, राजेश डाबर, सुखदेव भल्ला और केवल बत्रा ने बताया कि पंजाबी समाज के इस प्रमुख पर्व पर स्वयं विधायक शिव अरोरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से शुरू होगा, जिसमें पंजाब से आई भांगड़ा टीम अपनी प्रस्तुति देगी। इसके साथ ही गिद्दा और रणजीत अखाड़ा का पारंपरिक गतका प्रदर्शन कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहेगा। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच पंजाबी गीतों पर कलाकार रंगारंग कार्यक्रम पेश करेंगे। खान-पान की व्यवस्था पर जानकारी देते हुए आयोजकों ने बताया कि उत्सव में मक्के की रोटी, सरसों का साग और चटपटी चाट के साथ विभिन्न पंजाबी व्यंजनों का आनंद लिया जा सकेगा।समिति ने शहर के सभी सामाजिक, धार्मिक और प्रबुद्ध वर्ग सहित आम जनता से सपरिवार कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है। कार्यक्रम का समापन शाम 5.30 बजे पूर्ण विधि-विधान के साथ लोहड़ी प्रज्वलन के साथ होगा, जहां उपस्थित लोग मूंगफली और गजक की मिठास के साथ पर्व की खुशियां साझा करेंगे। पत्रकार वार्ता के दौरान आयोजन कमेटी के संजीव कुमार, उमेश पासरीचा, किरन विर्क, रोनिक नारंग, राजेश पप्पल, मोहित चड्ढा और गौरव अरोरा सहित कई सदस्य मौजूद रहे।



# विधायक सुमित मिले मृतक किसान के परिजनों से

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। विधायक सुमित हृदयेश ने मोर्चरी पहुँचकर मृतक किसान के परिजनों से की भेंट कर शासन प्रशासन से निष्पक्ष व पारदर्शी जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि काठगोदाम थाना क्षेत्र अंतर्गत एक निजी होटल में काशीपुर निवासी किसान स्वर्गीय सुखवंत सिंह द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना अत्यंत दुखद, हृदय विदारक एवं गंभीर चिंता का विषय है। विधायक सुमित ने मोर्चरी पहुँचकर मृतक के परिजनों से भेंट की तथा इस कठिन समय में उन्हें सांत्वना देते हुए अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया यह मामला सुनियोजित ठगी और गंभीर प्रशासनिक लापरवाही से जुड़ा हुआ प्रतीत होता है। आत्महत्या से पूर्व स्व. सुखवंत सिंह द्वारा सोशल मीडिया पर जारी किए गए वीडियो में लगाए गए आरोप अत्यंत गंभीर हैं। जिनमें जमीन के नाम पर लगभग 4 करोड़ रुपये की ठगी किए जाने की बात सामने आई है। यह भी अत्यंत चिंताजनक है कि पूर्व में शिकायत किए जाने के बावजूद समय रहते कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। विधायक ने कहा कि एक किसान का इस प्रकार मानसिक रूप से टूटकर आत्महत्या जैसा कदम उठाना पूरे तंत्र और व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। यह केवल एक परिवार का दु:ख नहीं, बल्कि हमारी न्याय व्यवस्था और प्रशासनिक संवेदनशीलता की भी कड़ी परीक्षा है। विधायक सुमित हृदयेश ने मुख्यमंत्री से अपील करते हुए निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शीघ्र जांच कराने तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# ओवरलोडिंग का कहर

केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए कई तरह के उपाय लागू किए गए हैं, मगर जमीनी स्तर पर इनके प्रभावी नतीजे नजर नहीं आ रहे हैं। दुर्घटनाओं के आंकड़े कम होने की बजाय बढ़ते जा रहे हैं। पहाड़ी प्रदेशों में तो सड़क हादसों की भयावहता और भी ज्यादा होती है।हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में गुरुवार को एक निजी बस के पांच सौ फुट गहरी खाई में गिर जाने से चौदह लोगों की मौत हो गई और बावन लोग जख्मी हो गए। हैरत की बात यह है कि इस बस में सिर्फ 39 यात्रियों को ही बिठाने की क्षमता थी। जाहिर है कि बस में क्षमता से अधिक यात्री सवार थे।ऐसे में सवाल है कि क्या हर बार खराब मौसम और सड़कों की भौगोलिक स्थिति को हादसों के लिए जिम्मेदार बता कर आंखें मूंद लेना सही है? इस तरह के हादसों में होने वाली मौत के लिए किसकी जवाबदेही है? क्या सरकार और प्रशासन का दायित्व नहीं है कि यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश में अधिकतर सड़कें पहाड़ी इलाकों से गुजरती हैं, जो संकरी होने के साथ घुमावदार भी हैं। कई सड़कें तो ढलान वाली हैं। भौगोलिक स्थिति इसे तब और जटिल बना देती है, जब घनी धुंध, बारिश या सड़क पर बर्फ की परत जम जाती है। अगर वाहनों में क्षमता से अधिक यात्री सवार हों, तब भी उनके अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बना रहता है।हिमाचल प्रदेश के सिरमौर में हुए इस हादसे का कारण भी बस में क्षमता से अधिक यात्रियों का सवार होना बताया जा रहा है। ऐसे में जरूरी है कि यात्री वाहनों के औचक निरीक्षण की व्यवस्था को कड़ाई से लागू किया जाए। इसमें दोराय नहीं कि समन्वित प्रयासों से ही सड़क हादसों को रोका जा सकता है। कोई मानवीय भूल न हो, इसके लिए चालकों को भी विशेष प्रशिक्षण और जागरूकता की जरूरत है। पहाड़ी इलाकों में जाने से पहले वाहनों की तकनीकी जांच कराने का पहलू भी अहम है। अगर हर स्तर पर सतर्कता बरती जाए, तो निश्चित रूप से दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है।


# काशीपुर नगर क्षेत्र में दो प्रतिशत दाखिल खारिज शुल्क समाप्ति का लाभ मिला केवल छह प्रतिशत मामलों में

## मेयर ने 7 फरवरी 25 से की थी शुल्क समाप्ति की घोषणा

काशीपुर। काशीपुर नगर क्षेत्र में कई दशकों से चले आ रहे 2 प्रतिशत दाखिल खारिज शुल्क को समाप्त करने का वायदा स्थानीय निकाय चुनाव 2025 में विभिन्न मेयर प्रत्याशियों द्वारा किया गया था। वर्तमान मेयर दीपक बाली ने चुनाव जीतने के बाद प्रथम निगम बैठक में ही उसे 07-02-2025 से समाप्त करने की घोषणा भी कर दी गयी। परन्तु 28 नवंबर 2025 तक कुल 522 मामलों में से केवल 6 प्रतिशत 30 मामलों में ही इसका लाभ देने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। यह खुलासा सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन एडवोकेट को नगर निगम द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना से हुआ है।काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन एडवोकेट ने काशीपुर नगर निगम से दाखिल खारिज सम्बन्धी सूचना चाही थी। इस के उत्तर मे नगर निगम के लोक सूचना अधिकारी/सहायक नगर आयुक्त ने अपने पत्रांक 945 दिनांक 28 नम्बर 2025 से सूचना उपलब्ध करायी है।श्री नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार वर्तमान निगम द्वारा अपनी प्रथम बैठक दि0 05 जनवरी 2025 के प्रस्ताव संख्या 2 से दिनांक 07-02-2025 की सांय से 2 प्रतिशत दाखिल खारिज को जनहित तथा नगर वासियों के हित में तत्काल प्रभाव से समाप्त किये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया।श्री नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार वर्ष 2025 में कुल दाखिल खारिजों की संख्या जिन पर 2 प्रतिशत दाखिल खारिज शुल्क देय होता 522 दर्शायी गयी है जबकि ऐसे कुल दाखिल खारिज की संख्या जिन पर उक्त 2 प्रतिशत दाखिल खारिज शुल्क नहीं जमा कराया गया है केवल 30 दर्शायी गयी है।श्री नदीम को ऐसी जानकारी भी मिली थी कि नगर निगम के कर विभाग के कर्मचारियों द्वारा पहले तो 2 प्रतिशत जमा किये बगैर दाखिल खारिज करने से इंकार किया जा रहा हैं जब कोई जमा करने को तैयार होता है तो उससे स्वेच्छा से जमा करने व वापसी योग्य न होने का शपथपत्र लेकर जमा कराया जा रहा है। जब आवेदक द्वारा 2 प्रतिशत शुल्क समाप्त होने को कहा जाता है तो भी भविष्य में शासन के निर्णय पर जमा करने का 100 रूपये के स्टाम्प पर शपथपत्र लिया जा रहा है। लोक सूचना अधिकारी द्वारा बिन्दु 3.4.5 की सूचना के अन्तर्गत स्वीकार किया गया हैं कि वर्ष 2025 में 2 प्रतिशत दाखिल खारिज शुल्क शपथ पत्र देकर स्वेच्छा से जमा कराके किये जाने वाले दाखिल खारिजों की संख्या 3 है उनसे कुल रू. 44840/- दाखिल खारिज शुल्क जमा कराया गया है तथा सम्बन्धित अवधि दिनांक 21-06-2025, 10-09-2025 व 10-09-2025 है। श्री नदीम को लोक सूचना अधिकारी ने सम्बन्धित प्रस्ताव सं02 की प्रति भी उपलब्ध करायी है। इसके अनुसार सदन के समक्ष महापौर की अनुमति से दाखिल खारिज शुल् को समाप्त किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव कार्यालय अधीक्षक द्वारा पढ़कर सदन के समक्ष सुनाया गया। सदन को अवगत कराया गया कि नगर क्षेत्र में प्रथम बार करारोपण हेतु तैयार की गयी उपविधि के आधार पर सर्वप्रथम 1957 में दाखिल खारिज शुल्क लगाया गया था जो समय-समय पर परिवर्तित किया गया। पूर्वकाल में निर्वाचित बोर्ड की लम्बी अवधि अवक्रमित रहने पर तत्समय आयुक्त कुमाऊं मण्डल नैनीताल रहे मण्डलायुक्त द्वारा नोटिफिकेशन के द्वारा लागू दाखिल खारिज शुल्क एक प्रतिशत किया गया। जिसे तत्कालीन उत्तर प्रदेश शासन के संस्था की आय वृद्धि के दृष्टिगत प्राप्त निर्देशों का अनुपालन किये जाने के उद्देश्य से नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 298(2) के अन्तर्गत वर्ष 1998 द्वारा दाखिल खारिज शुल्क की प्रचलित दर एक प्रतिशत के स्थान पर 2 प्रतिशत शुल्क पंजीकृत बैनामे के मूल्यांकन पर वसूल किये जाने हेतु प्रस्ताव संख्या 123 दिनांक 28 अप्रैल 1998 के माध्यम से पारित कर गजट नोटिफिकेशन जारी होने के साथ राजाज्ञा के रूप में 6.2.2025 तक वसूली हेतु प्रभावी रहा है। प्रकरण सम्पूर्ण सदन के समक्ष संज्ञान में लाये जाने पर गुरूविंदर सिंह चंडोक द्वारा 2 प्रतिशत दाखिल खारिज शुल्क को समाप्त करने के अभिकथन पर मा0 महापौर द्वारा 7.2.2025 की सांय से 2 प्रतिशत दाखिल खारिज शुल्क को जनहित एवं नगरवासियों के हित में तत्काल प्रभाव से समाप्त किये जाने की अनुशंसा की गई। जिसे सम्पूर्ण सदन द्वारा करतल ध्वनि से समर्थन किया गया। सम्बन्धित दाखिल खारिज शुल्क समाप्त किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव यथाशीघ्र शासन को सम्पूर्ण विवरण को उल्लेख करतेहुये पारित संकल्प के साथ नगर आयुक्त द्वारा शासन को प्रेषित किया जाये।

# प्री एसआईआर के तहत उत्तराखंड में 85 में से 59 लाख मतदाताओं की मैपिंग पूरी

देहरादून। चुनाव आयोग ने उत्तराखंड के 85 लाख में से 59 लाख मतदाताओं की प्री एसआईआर के तहत बीएलओ मैपिंग पूरी कर ली है। यह आंकड़ा करीब 67 प्रतिशत है। शनिवार को प्री एसआईआर का आखिरी दिन था लेकिन मैदानी विधानसभाओं में कम उत्साह के चलते अब मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से प्री एसआईआर की तिथि बढ़ाई जाएगी। प्रदेश की 70 विधानसभा सीटों पर पिछले करीब डेढ़ माह से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से पहले प्री एसआईआर के तहत बीएलओ मैपिंग का काम चल रहा है। शनिवार को इसका आखिरी दिन था। पूरी अवधि में 85 लाख मतदाताओं में से 59 लाख 17 हजार की मैपिंग हुई है। यह आंकड़ा करीब 67 प्रतिशत है। जिनकी मैपिंग पूरी हो गई है, उन्हें भविष्य में जब एसआईआर शुरू होगा तो कोई दस्तावेज नहीं देना होगा। प्रदेश की 25 विधानसभा सीटें ऐसी हैं जहां बीएलओ मैपिंग का औसत राज्य के 67 प्रतिशत औसत से कम रहा। लिहाजा अब मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के लिए यहां मैपिंग की चुनौती बढ़ गई है। सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास ने बताया कि इन सभी जगह की मैपिंग के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं ताकि एसआईआर से पहले ही यहां सभी तैयारियां पुख्ता हो जाएं। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं की मैपिंग सफल हो गई है, उन्हें अब एसआईआर शुरू होने के बाद कोई भी दस्तावेज नहीं देना है। हरिद्वार, जसपुर, किच्छा, बाजपुर, बीएचईएल, राजपुर रोड, मसूरी, रायपुर, देहरादून कैंट, ऋषिकेश, काशीपुर, रुद्रपुर और धर्मपुर विधानसभा सीटें ऐसी हैं, जहां बीएलओ मैपिंग 50 प्रतिशत से भी कम हुआ है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने बताया हमने राज्य स्तर पर प्री एसआईआर को तैयारियों के मद्देनजर शुरू किया था। इसमें 67 प्रतिशत अच्छा नतीजा रहा है। अभी इसे आगे बढ़ाएंगे ताकि अधिक से अधिक मतदाताओं की बीएलओ मैपिंग कर दी जाए।



# शीतकालीन अवकाश के लिए न्यायिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव

नैनीताल । उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने शीतकालीन अवकाश के दौरान न्यायिक कार्यों के लिए एक नया आदेश जारी किया है जिसके अनुसार शीतकालीन अवकाश के दौरान संबंधित न्यायाधीश शनिवार, रविवार व अन्य घोषित अवकाशों के अलावा सप्ताह के सभी कार्य दिवसों पर अदालत की कार्यवाही संचालित करेंगे। यह व्यवस्था 13 जनवरी 2026 से प्रारंभ होगी और केस फाइलिंग 12 जनवरी 2026 से की जा सकती है। राज्य के नव नियुक्त मुख्य न्यायाधीश के निर्देशों के अनुसार, वादियों के हित के लिए कोर्ट के पूर्व में जारी आदेशों में संशोधन कर यह व्यवस्था बनाई गई है। इसके अनुसार अवकाश की अवधि में भी आवश्यक न्यायिक प्रक्रियाएं सुचारू रूप से चलती रह सकेंगी। इन निर्देशों के तहत अवकाशकालीन न्यायाधीश शनिवार, रविवार और अन्य घोषित अवकाशों के अतिरिक्त सप्ताह के अन्य सभी कार्य दिवसों में कोर्ट की कार्यवाही संचालित करेंगे। इससे अवकाश के दौरान लंबित या तत्काल सुनवाई वाले मामलों का समयबद्ध निस्तारण हो सकेगा।बता दें कि हाल में जारी आदेश के अनुसार सप्ताह में केवल दो दिन कोर्ट संचालित किए जाने की व्यवस्था थी। पूर्व में भी हाई कोर्ट में अवकाश के दौरान प्रत्येक कार्य दिवस पर सुनवाई की व्यवस्था थी जिसमें हाल में बदलाव किया गया था, अब पुनः पूर्व जैसी व्यवस्था लागू कर दी गई है। आदेश के अनुसार कोर्ट के फाइलिंग केंद्र के लिए भी समय निर्धारित करते हुए कहा गया है कि अधिवक्तागण और वादी कार्य दिवसों में प्रातः साढ़े दस बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक नए मामले दाखिल कर सकेंगे और फाइल किए गए मामलों को अगले ही दिन अवकाशकालीन पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाएगा। हाईकोर्ट के महाधिवक्ता की ओर से जारी इस आदेश की सूचना अध्यक्ष बार एसोसिएशन , सचिव और सभी संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को भी दी गई है। इसे कोर्ट वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया है।





# सीबीआई जांच की संस्तुति पर सीएम का जताया आभार

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से रविवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल, विधायक खजान दास, किशोर उपाध्याय, सहदेव पुंडीर, श्रीमती सविता कपूर, श्रीमती आशा नौटियाल, श्रीमती रेनू बिष्ट, बृजभूषण गैरोला, शक्तिलाल शाह ने मुलाकात कर अंकिता भंडारी प्रकरण में सीबीआई जांच की संस्तुति प्रदान करने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। विधायकों ने सीएम के फैसले को जनभावनाओं के प्रति संवेदनशीलता उदहारण बताया।

# अभिनेत्री अनुकृति गुसाईं ने दिया जुड़वा बच्चों को जन्म

देहरादून। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत रविवार को दादा बन गए। उनकी पुत्रवधू और अभिनेत्री अनुकृति गुसाईं रावत ने अरिहंत अस्पताल में जुड़वा बच्चों को जन्म दिया। जच्चा बच्चा ठीक हैं और जल्द ही उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी। पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत पुत्रवधू और बच्चों का हाल जानने के लिए रविवार सुबह अस्पताल पहुंचे और बच्चों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने यह खुशखबरी सोशल मीडिया पर साझा कर अपनी खुशी का इजहार किया।



# इंडियन डेंटल एसोसिएशन ने मनाया लोहड़ी पर्व

रुद्रपुर। इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) उधम सिंह नगर द्वारा लोहड़ी पर्व का रंगारंग आयोजन 11 जनवरी को काशीपुर रोड स्थित पंजाब होटल में पारिवारिक मिलन के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉक्टर हरजीत सिंह ने अरदास कर अलाव जलाकर की, जिसके बाद पूरे वातावरण में उत्सव का उल्लास छा गया।आईडीए उधम सिंह नगर की नव-निर्वाचित सेक्रेटरी डॉक्टर मणि खुराना ने लोहड़ी के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पर्व पंजाब के रोबिन हुड कहे जाने वाले "दुल्ला भट्टी" की शौर्य गाथा तथा सूर्य के उत्तरायण और नई फसल के आगमन का प्रतीक है।इस दौरान सभी उपस्थित दंत चिकित्सकों ने अलाव के चारों ओर लोकगीत गाए, भांगड़ा-गिद्दा किया और तिल, गुड़, मूंगफली व रेवड़ी बांटकर पर्व की खुशियां साझा कीं।संगठन के संरक्षक डॉक्टर अशोक प्रकाश अग्रवाल ने सभी सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोहड़ी की तरह ही सभी के जीवन में उजाला और समृद्धि बढ़े।समारोह में सर्वसम्मति से डॉक्टर गगन गुंबर को स्टेट रिप्रेजेंटेटिव चुना गया, जिन्हें नव-निर्वाचित अध्यक्ष डॉक्टर महेंद्र सिंह ने शुभकामनाएं दीं। वहीं डॉक्टर अस्मिता मिश्रा, डॉक्टर शुभम संदेश जैन और डॉक्टर दीपिका जैन को उनके उत्कृष्ट कार्यकाल के लिए सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में बच्चों ने जहां नृत्य और संगीत की प्रस्तुतियों से तालियां बटोरीं, वहीं बड़ों के लिए आयोजित ओपन माइक सेशन कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। रुद्रपुर, बिलासपुर, काशीपुर, किच्छा, बाजपुर और टनकपुर सहित जनपद के लगभग 70 दंत चिकित्सकों ने इस भव्य उत्सव में भाग लेकर इसे यादगार बना दिया।




## सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम MOHAMMAD ATHAR से बदलकर MOHD ATHAR ANSARI रख लिया है मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।

मो.अतहर अंसारी पुत्र मोहम्मद उमर
वार्ड 3, आवास विकास किच्छा,
जिला-उधमसिंहनगर

# सांसद स्तरीय खेल महाकुंभ में फुटबॉल के मैदान पर खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

## खटीमा, रूद्रपुर और सितारगंज की टीमों ने दर्ज की शानदार जीत, खटीमा में आज से होगा मलखम्ब



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वावधान में मुख्यमंत्री चौम्पियनशिप ट्रॉफी के अंतर्गत सांसद स्तरीय खेल महाकुंभ 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। 31वीं वाहिनी पीएसी मैदान में आयोजित इस प्रतियोगिता में नैनीताल-ऊधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र की सभी 14 विधानसभाओं के फुटबॉल खिलाड़ियों ने अपनी ताकत और कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष नागेंद्र शर्मा, गिरीश जोशी, भूपेश पाण्डे और 31वीं वाहिनी पीएसी के इंस्पेक्टर राकेश मेहरा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी हैं, बल्कि यह अनुशासन और टीम भावना का भी संचार करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल के नियमों का पालन करते हुए वास्तविक क्रीड़ा भावना के साथ मैदान में उतरने का आह्वान किया। जिला युवा कल्याण अधिकारी भूपेंद्र सिंह रावत ने प्रतियोगिता की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए सभी खिलाड़ियों को खेल महाकुंभ की गाइडलाइन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मैदान पर हुए रोमांचक मुकाबलों में अंडर-19 बालक वर्ग में खटीमा विधानसभा की टीम ने जसपुर पर पूरी तरह से दबाव बनाए रखा और उसे 6-1 के बड़े अंतर से मात दी। खटीमा की जीत में कवि, प्रेम, अभय और तरंग ने एक-एक गोल दागकर अपनी टीम को अगले दौर में पहुंचाया। वहीं, रूद्रपुर विधानसभा ने भी बेहतरीन खेल दिखाते हुए कालाढूंगी को 5-0 से करारी शिकस्त दी। इस मैच में आदर्श, प्रद्युम्न और आदित्य गोस्वामी ने अपनी स्ट्राइकिंग पॉवर का लोहा मनवाया। एक अन्य मुकाबले में गदरपुर ने हल्द्वानी को 6-1 से हराया, जिसमें गौरव, विक्रम और पीयूष नयाल ने दो-दो गोल कर शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-14 बालक वर्ग में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला। सितारगंज विधानसभा ने जसपुर को 7-0 के भारी अंतर से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। वहीं रूद्रपुर ने काशीपुर के खिलाफ संघर्षपूर्ण मैच में 5-3 से जीत दर्ज कर अगले चक्र में प्रवेश किया। आयोजन में इनकी रही मुख्य भूमिका मैच के दौरान दिनेश सिंह, खेल समन्वयक योगेंद्र देव, होशियार बोहरा और कमल सिंह ने रेफरी के रूप में निष्पक्ष भूमिका निभाई। कार्यक्रम का सफल संचालन हरीश दनाई और धीरज पाण्डेय ने किया। रिकॉर्ड और लेखन कार्य का जिम्मा त्रिभुवन, रजत चौहान, सागर रावत, आनंद देव और उनकी टीम ने संभाला। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी यशवंत कुमार, नवीन चंद्र, हनुमान सिंह भंडारी, नंद किशोर जोशी, राजेंद्र लाल वर्मा, सुरेश आर्या, अखिलेश मंडल और पीआरडी स्वयंसेवकों सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि फुटबॉल के बाद अब 11 और 12 जनवरी को खटीमा के बहुउद्देशीय क्रीड़ा हॉल में मलखम्ब प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें पंजीकृत खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।






# धूमधाम से मनाया गया उत्तरायणी महोत्सव

किच्छा (उद संवाददाता)। उत्तरांचल सांस्कृतिक समिति के तत्वाधान में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी उत्तरायणी का पर्व हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखंड की पारंपरिक वेशभूषा में कलाकारों ने कुमाऊनी एवं गढ़वाली गीतों पर नृत्य की सुंदर प्रस्तुति देकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस दौरान कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का आयोजक समिति ने स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका जोरदार स्वागत किया। उत्तरांचल संस्कृतिक समिति के बैनर तले विगत कई वर्षों से मकर संक्रांति एवं उत्तरायणी के अवसर पर उत्तरायणी महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी नगर के मुख्य बाजार स्थित प्राथमिक विद्यालय में आयोजित उत्तरायणी महोत्सव 2026 का शुभारंभ पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर विधिवत फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में उत्तरायणी पर्व का विशेष महत्व है और उत्तराखंड की संस्कृति पूरे देश में विख्यात है। कहा कि उत्तरायणी का त्यौहार पूरे देश में अलग-अलग नामों से हर्षोल्लास एवं श्रद्धाभाव के साथ मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि उनके लिए सौभाग्य की बात है कि उत्तरायणी महोत्सव में सहभागिता कर हमारी समृद्ध लोक परंपराओं, संस्कृति और सांस्कृतिक चेतना के संरक्षण एवं संवर्धन का साक्षी बनने का अवसर मिला। उन्होंने सांस्कृतिक गतिविधियों को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से विधायक निधि से 5 लाख रुपए की धनराशि प्रदान किए जाने की घोषणा की। विधायक बेहड़ ने कहा कि उत्तराखंड की लोक संस्कृति, परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए हमारा संकल्प और प्रयास निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम में तमाम बालिकाओं एवं महिलाओं ने उत्तराखंड की पारंपरिक वेशभूषा धारण कर तमाम गीतों पर नृत्य की सुंदर प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम के दौरान तमाम गणमान्य लोग एवं महिलाएं कलाकारों का उत्साह वर्धन करते नजर आए। आयोजक समिति सदस्य महेश शर्मा, हरीश पंत एवं कैलाश कांडपाल ने कार्यक्रम में पहुंचे विधायक तिलक राज बेहड़, समाजसेवी संजीव कुमार सिंह, कांग्रेस प्रवक्ता डॉ गणेश उपाध्याय, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली को स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। मौके पर दया डसीला, कोतवाली प्रभारी प्रकाश सिंह दानू, किशन गोयल, ओमप्रकाश दुआ, जीवन जोशी, जानकी तिवारी, सुधा जोशी, पियूष पंत, जानकी तिवारी, कल्पना पंत, नीरू पंत, सरोज पंत, कमल रावत, ममता सुयाल, दीपा मठपाल, बिमला बिष्ट, रक्षित डसीला, पूर्णिमा पांडे आदि मौजूद रहे।








# बाबा बचन सिंह ने किया संत बाबा फौजा सिंह द्वार के पुनर्द्धार कार्य का उद्घाटन

किच्छा (उद संवाददाता)। किच्छा के दरऊ चौक स्थित 'संत बाबा फौजा सिंह जी द्वार' के पुनर्द्धार (जीर्णोद्धार) कार्य का भव्य उद्घाटन कार सेवा प्रमुख संत बाबा बचन सिंह के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। यह कार्य क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा विधायक निधि वर्ष 2024-25 के अंतर्गत कराया गया है।उद्घाटन समारोह का शुभारंभ क्षेत्र की सुख, शांति और मंगलकामना हेतु की गई विशेष अरदास के साथ हुआ। इसके पश्चात बाबा बचन सिंह ने विधिवत रूप से द्वार का उदघाटन किया। इस परियोजना की कुल लागत 5.50 लाख रुपये है। इस अवसर पर बाबा बचन सिंह ने जनआस्था से जुड़े इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए विधायक तिलक राज बेहड़ के प्रयासों की सराहना की और उन्हें स्मृति स्वरूप भेंट कर अपना आशीर्वाद प्रदान किया।सभा को संबोधित करते हुए विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि संत बाबा फौजा सिंह जी का जीवन और उनके समाज हित में किए गए कार्य हम सभी के लिए सदैव प्रेरणा के स्रोत रहेंगे। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के विचारों से आने वाली पीढ़ी को अवगत कराना हमारा नैतिक दायित्व है। ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों का संरक्षण समाज में आपसी सौहार्द और समरसता को और अधिक मजबूत करता है। कार्यक्रम में निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, मेजर सिंह, निर्मल सिंह, ओम प्रकाश दुआ, जितेंद्र संधू, हरमीत सिंह राजू, तिरपत पाल, गुरचरण सिंह, , विनोद फुटेला, गुलशन सिंधी, हरभजन सिंह, कर्मजीत सिंह, संतोष सिंह, दलजीत सिंह, डिंपल सिंह, धर्मेंद्र सिंधी, भानु सिंधी, परमजीत सिंह भुल्लर, सुखचौन सिंह, हरविंदर पाल सिंह पप्पू, ताहिर मलिक, जाकिर अहमद, परमजीत सिंह पम्मी, राजेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह मंड, रामबाबू सिंह, शरण पूरेवाल, अशोक मित्रा एवं संतोष ठाकुर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

